# प्रेस विज्ञप्ति

**नई दिल्ली**

**21 जून 2026**

## हडको ने सम्पूर्ण भारत में उत्साह के साथ मनाया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको) ने देश भर में अपने कार्यालयों में अत्यधिक उत्साह के साथ 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योगा, दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी (डीडीए), आद्या कौशलम ट्रस्ट और समर्पण सेवा ट्रस्ट के सहयोग से अंसल प्लाजा पार्क, हडको प्लेस, नई दिल्ली में किया था।

इस कार्यक्रम में श्री संजय कुलश्रेष्ठ, सीएमडी, श्री एम. नागराज, डीसीपी, श्री दलजीत सिंह खतरी, निदेशक (वित्त) और श्री विनीत गुप्ता, सीवीओ शामिल हुए। उन्होंने योग सत्र में सक्रिय रूप से भाग लेकर कर्मचारियों को प्रेरित किया और जीवनशैली के रूप में योग को अपनाने के

महत्व पर जोर दिया। इस वर्ष की थीम **"स्वस्थ आयु के लिए योग" (Yoga for Healthy Ageing)** के अनुरूप, कर्मचारियों ने शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह उत्सव हडको के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में भी मनाया गया, जो कि स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति संगठन की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। देश भर में योग दिवस की गतिविधियों में लगभग 500 कर्मचारियों ने भाग लिया, जो एक स्वस्थ और समावेशी कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देते हुए हडको के निरंतर फोकस को रेखांकित करता है। ऐसी पहलों के माध्यम से, हडको समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और सतत् प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है, जो इसके कार्यदल के समग्र कल्याण की दिशा में विशेष योगदान देगा।

****